एजेंसी वाले शादी के लिए नहीं दे रहे 2 गैस सिलेंडर

नवभारत संवाददाता

भोपाल. 18 अप्रैल. राजधानी में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने एलपीजी की किल्लत के चलते गैस डीलर्स को निर्देश दिए थे कि शादी समारोह वाले परिवार को 2 कमर्शियल सिलेंडर दिए जाएं, उसमें शर्त है कि आवेदन के साथ शादी का कार्ड लगाना अनिवार्य है.

अब लोग सिलेंडर के लिए गैस एजेसियों से संपर्क कर रहे है. एजेंसी वालों को आवेदन के साथ शादी का कार्ड भी दिखा रहे है. इधर, अधिकांश एजेंसियों के कर्मचारियों का कहना है कि उनको इस तरह के निर्देश अभी तक नहीं मिले हैं, इसलिए ऐसे लोग ज्यादा परेशान है, जिनके यहां एक या दो दिन के अंतराल में ही शादी है. इधर, खाद्य आपूर्ति विभाग के अफसरों का कहना है कि कैटर्स की ओर से आवेदन देना अनिवार्य किया है. आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि लोग आवेदन और निर्धारित शुल्क के साथ 2 सिलेंडर ले सकते हैं. पहले सिलेंडर के लिए एप्लाई करने की व्यवस्था विभाग में ही की गई थी.

दर्जन भर से अधिक आवेदन भी आए. विभाग से एजेसियों को आवेदन फारवर्ड किए गए लेकिन अब व्यवस्था में बदलाव किया है. लोग सीधे ही लोग नजदीकी गैस एजेंसी जा सकते हैं. ऐसे लोगों को 2 कमर्शियल सिलेंडर की पात्रता है जिनके घर में शादी समारोह है. कोई भी एजेंसी वाला सिलेंडर देने से मना नहीं कर सकता.

शिक्षकों ने सरकार को सौंपा ज्ञापन

भोपाल, 18 अप्रैल. राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के बैनर तले 'मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा' निकाली गई. यहां 50 हजार से अधिक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और शासन के नाम ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन शिक्षकों ने साफ संकेत दिए कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किए जाने और हालिया न्यायिक आदेशों को लेकर सबसे ज्यादा नाराजगी देखने को मिली. शिक्षकों का कहना है कि वर्षों की सेवा के बाद नए नियम लागू करना उनके साथ अन्याय है.

मेट्रो रेल के भूमिगत के कार्य में आई तेजी

भोपाल. 18 अप्रैल. राजधानी में मेट्रो रेल के संचालित करने के लिए सुरंग खुदाई का कार्य चल रहा है. यह कार्य 30 मार्च से शुरू किया था, जो भोपाल रेलवे स्टेशन से टनल बोरिंग मशीन के माध्यम से प्रारंभ किया गया है. वर्तमान में टनल बोरिंग मशीन-1 (दुर्गावती) द्वारा लगभग 7 मीटर अस्थायी सुरंग एवं 3.3 मीटर स्थायी सुरंग निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि दूसरी टीबीएम मशीन को शीघ्र ही पूर्ण संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है. इस अत्याधुनिक निर्माण प्रक्रिया के तहत टीबीएम को भूतल से लगभग 24 मीटर (करीब 75 फीट) जमीन के नीचे उतारा गया है. इस गहराई पर सुरंग बनाए जाने से जमीन पर न्यूनतम कंपन होता है.

एयरपोर्ट पर दी स्टूडेंट्स को जानकारी : भोपाल, 18 अप्रैल. अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत राजा भोज एयरपोर्ट पर अग्निशमन स्टाफ द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधीनगरभोपाल के छात्र-छात्राओं को अग्निशामक यंत्रों की जानकारी व जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से जागरूक किया गया.

इमरजेंसी केस में रिस्पॉन्स टाइम को देखने हुई मॉकड्रिल : भोपाल, 18 अप्रैल. उपनगर बैरागढ़ के सिविल अस्पताल में सीएमएचओ कार्यालय के जांच दल ने मॉकड्रिल की कार्रवाई की. इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था की जांच करना था. वहीं इस गोपनीय मॉकड्रिल की जानकारी किसी का ना बताने की सीएमएचओ ने जांच दल को दी थी, जिससे अस्पताल प्रबंधन के किसी भी स्टाफ को इस कार्रवाई की भनक तक नहीं लगी. अस्पताल में सभी मौजूद कर्मचारियों को लगा कि कोई गंभीर मरीज अस्पताल मे उपचार के लिए आने वाला है. इसके बाद अभ्यास किया.